प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश में आने वाले चरणों के लिये चुनाव प्रचार तेज : भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज की जनसभाएं।
2. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन से पूर्व पार्टी ड्रोन शो के माध्यम से बतायेगी सरकार की उपलब्धियां।
3. छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि आज हुई समाप्त : सातवें चरण के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी।

और

4. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौर पर पहुंचेंगे अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के करेंगे दर्शन, सरयू आरती में भी होंगे शामिल।

———————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीन चरणों में छब्बीस संसदीय सीटों पर मतदान पूरा होने के बाद चार चरणों में शेष बचे 54 लोकसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान तेज हो गया है। इसी क्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज पार्टी प्रत्याशियों के

समर्थन में फतेहपुर और चित्रकूट में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य था लेकिन आज मोदी और योगी के नेतृत्व में यह देश के अग्रणी राज्यों में से एक है। डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में अब चित्रकूट को भी शामिल कर लिया गया है। इससे चित्रकूट और बांदा की तस्वीर बदल जाएगी। इसके बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ लखनऊ में श्री नड्डा ने शाम को लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों के वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। साथ ही चौथे चरण के मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की बैठक में भी हिस्सा लिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी और सीतापुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में श्री योगी ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले हैं तो दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले और आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले हैं।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आज बहराइच, धौरहरा और लखीमपुर खीरी लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाएं की। सपा प्रमुख

ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन सरकार ने किसानों को बाजार के भरोसे छोड़ दिया है। आज किसानों को मुनाफा नहीं मिल पा रहा है, वह महंगाई से परेशान है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाधी वाड्रा ने आज रायबरेली संसदीय क्षेत्र में प्रचार किया। उन्होंने कहा कि जहां जहां भी कांग्रेस की सरकार बनी है, हमने अपने वादे पूरे किये हैं। उन्होंने वादा किया कि हमारी सरकार बनी तो किसानों की कर्ज माफी के लिये स्थायी आयोग का गठन किया जायेगा।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने आज कन्नौज में जनसभा कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने गलत नीतियां अपनाईं, जिससे वो केंद्र और प्रदेश सरकार से बाहर हुई। अब उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है। भाजपा की सरकार में दलित, शोषित, वंचित और अल्पसंख्यक वर्ग परेशान है।

———————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार बतौर प्रत्याशी वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करेंगे। श्री मोदी के नामांकन से पूर्व भाजपा ड्रोन शो के जरिये लोगों को विकास काया के बारे में जानकारी दे रही है। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट......

*लोकसभा के हो रहे चुनाव के कम में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में सातवें और अंतिम चरण में चुनाव होने हैं यहां से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 14 मई की सुबह नामांकन करना प्रस्तावित है। इसके पूर्व वह 13 मई को वाराणसी पहुंचकर एक भव्य रोड शो करेंगे,जिसमे हर वर्ग की भागीदारी के साथ साथ विभिन्न जगहों पर विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा के साथ लोग उनका स्वागत करेंगे, लगभग पांच किलोमीटर के इस रोडशों में लघु भारत की तस्वीर होगी। वही भाजपा की तरफ से ड्रोन शो के माध्यम से बनारस में अब तक हुए विकास कार्यों का जहां प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं, यह बताया जाएगा कि अपनी काशी पुरातन संस्कृति को ओढ़े हुए आधुनिकता की दहलीज पर किस तरह तेजी से बढ़ रही है। 9 मई से 12 मई तक 15 मिनट के इस ड्रोन शो को गंगा आरती के बाद शुरू किया जाएगा। सातवें और अंतिम चरण के चुनाव के लिए वाराणसी में सारे दल अपनी जोर आजमाइश करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

—————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये नाम वापसी की अंतिम तिथि आज समाप्त हो गई।

छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, भदोही और मछलीशहर संसदीय सीट के अलावा बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिये 25 मई को मतदान होगा।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। नामांकन के तीसरे दिन आज गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी जावेद अशरफ ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं कुशीनगर लोकसभा सीट से पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य आर निर्दलीय प्रत्याशी अतुल ने अपना नामांकन पत्र जमा किया। इसके अलावा मऊ की घोसी लोकसभा सीट पर पांच, महराजगंज सीट से दो प्रत्याशिया ने अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले नामांकन के दूसरे दिन कुल चौदह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये थे।

इस चरण के लिए 14 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किये जा सकंगे। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर,

और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

---

**लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में प्रदेश की 13 सीटों पर 13 मई को चुनाव होना है। इसमें सपा के प्रभाव वाली इटावा की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा पिछले दो लोकसभा चुनावों से जीत रही है और इस बार पार्टी ने मौजूदा सांसद रामशंकर कठेरिया को फिर से प्रत्याशी बनाया है। वहीं सपा से जितेंद्र दोहरे और बसपा से हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल चुनावी मैदान में हैं। इनके अलावा चार अन्य प्रत्याशी भी चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...**

*इटावा लोकसभा क्षेत्र में तीन जनपदों इटावा, औरैया और कानपुर देहात का समन्वय है। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधान सभाएं इटावा, औरैया, भरथना, दिबियापुर और सिकंदरा आती हैं। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 18 लाख 27 हजार 781 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 83 हजार 960 पुरुष मतदाता और 8 लाख 43 हजार 780 महिला मतदाता शामिल हैं। इटावा को राजनीतिक पहचान और सबसे ज्यादा चर्चा समाजवादी पार्टी के मुखिया रहे स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव से मिली। उनका जन्म इटावा के सैफई गांव में हुआ था। सबसे बड़ा राजनीतिक परिवार होने की वजह से समाजवादी पार्टी का दबदबा इटावा लोकसभा सीट पर रहा है। सपा इस सीट पर लगातार तीन बार जीतने वाली इकलौती पार्टी है। सपा ने 1999, 2004 और 2009 में लगातार यहां से जीत दर्ज की थी। उसके बाद 2014 में भाजपा के अशोक दोहरे और 2019 में भाजपा के रामशंकर कठेरिया यहां से सांसद बने। भाजपा रामशंकर कठेरिया को प्रत्याशी बनाकर इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश कर रही है। वहीं सपा ने अपनी सीट वापस हासिल करने के लिए जितेंद्र दोहरे को मैदान में उतारा है। उधर, बसपा प्रत्याशी हाथरस की पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल मुकाबले को रोचक बना रही हैं। सभी पार्टियों*

*ने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार तेज कर दिया है। इटावा से आकाशवाणी समाचार के लिये अमित कुमार तिवारी।*

———————

लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने आज प्रदेश की दो और संसदीय सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने कुशीनगर लोक सभा सीट से शुभनारायण चौहान और देवरिया से सन्देश यादव उर्फ मिस्टर को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

———————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन करेंगे। एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति हनुमानगढ़ी मंदिर समेत कबीर टीला भी जाएंगे। उपराष्ट्रपति सरयू घाट पर आरती में भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा समेत दूसरे इंतजाम पूरे किये जा रहे हैं।

———————

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा में एक या दो विषयों में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये कम्पार्टमेंट और इम्प्रूवमेंट परीक्षा के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। विद्यार्थी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर इकतीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

(समाप्त)